दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शुक्रवार 21 फरवरी 2020

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# हादसा नहीं, हत्या

पंजाब में संगरूर के एक पब्लिक स्कूल की वैन में पैट्रोल रिसने से लगी आग में चार बच्चों की दर्दनाक मौत बच्चों के जीवन से खिलवाड़ की पराकाष्ठा को दर्शाती है। विडंबना देखिये कि कबाड़ी से खरीदी गई बीस साल पुरानी वैन में बच्चों को लाया-ले जाया जा रहा था। न ही स्कूल प्रबंधन ने अपनी जिम्मेदारी का अहसास किया और ही उन ट्रांसपोर्ट अधिकारियों ने जिन्होंने वाहन की पूरी जांच के बगैर उसे सड़क पर चलने की अनुमति दी। इस आपराधिक लापरवाही से चार मासूम आग में जिंदा जल गये। यदि समय रहते राहगीर बच्चों को बचाने न कूदते तो यह आंकड़ा बड़ा भी हो सकता था। मरने वाले बच्चों का दुर्भाग्य था कि धुएं के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। मृतक बच्चों के बिलखते परिजनों के हृदयविदारक विलाप से उनकी जीवनभर न खत्म होने वाली पीड़ा का अहसास किया जा सकता है। ऐसे हादसों में सरकार तो महज मुआवजे की घोषणा तथा आगे से ऐसे वाहनों की जांच को कमेटी बनाकर खामोश हो जाती है, किसी दूसरे हादसे के इंतजार तक। आखिर आये दिन होने वाले हादसों में बच्चों के बेमौत मरने की जवाबदेही लेने को कोई संवेदनशील तंत्र क्यों नहीं बनता। वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे भरने, कभी अनाड़ी वैन चालक द्वारा दुर्घटना तो कभी कान में एयरफोन लगाये चालक की लापरवाही से रेलवे ॉसिंग में बच्चों का ट्रेन से मरना, ऐसी खबरें आये दिन अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। फिर मुआवजे और जांच की घोषणा के साथ सरकार और अभिभावक भी खामोश हो जाते हैं। निःसंदेह यह हादसा नहीं, सरेआम हत्या है। लोग चंद पैसों के लालच में कबाड़ हुई वैन को खरीदकर नौनिहालों के जीवन से खेलने लगते हैं। हादसे का दुखद पहलू यह है कि कबाड़ी से खरीदी गई दो दशक पुरानी वैन की खिड़कियां भी जाम थीं, जिसके चलते समय रहते बच्चों को निकाला नहीं जा सका। अक्सर इन हादसों में बच्चों के मरने की खबर तो आती है, मगर यह कभी नहीं सुना कि फलां प्रबंधक, वाहन चालक या उस इलाके के जिम्मेदार परिवहन अधिकारी को सजा हुई, जिसने वाहन को फिटनेस सर्टिफिकेट दिया। दुर्घटनाग्रस्त वैन में आठ बच्चों के बैठने की जगह थी, उसमें बारह बच्चे ठूंस-ठूंस भरे हुए थे। सड़क सुरक्षा से जुड़े जो बाइस नियम बताये जाते हैं उनमें से किसी का भी पालन इस वैन के बाबत नहीं किया गया। शिक्षा विभाग को भी चाहिए कि स्कूल के संचालकों की जवाबदेही तय करे कि बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट समय-समय पर चेक करायें। चालक-परिचालकों की पड़ताल हो कि वे वाहन चलाने की योग्यता रखते हैं कि नहीं। संगरूर वाली दुर्घटना में एक ट्रैक्टर चालक ने वैन में आग लगने का संकेत देकर वैन चालक को रुकने को कहा। लेकिन चालक के समझ में नहीं आया। जब दूसरी बार कहने पर उसने वैन रोकी तो तब तक वैन में धमाका हो गया।

# पेटीएम मॉल का 2 साल में 500 करोड़ का जीएमवी हासिल करने का लक्ष्य

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पेटीएम मॉल ने कहा कि उसने भारत में निर्मित उत्पादों के लिए देश का सबसे बड़ा व्यापारिक घराना बनाने के उद्देश्य से निर्यात के क्षेत्र में कारोबार शुरू किया है और संचालन के पहले दो वर्षों में ही 500 करोड़ रुपये के ग्रोस मर्चेंडाइज वैल्यू (जीएमवी) को हासिल करने का लक्ष्य रखा है। पेटीएम मॉल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बुधवार को एक बयान में कहा, हमने वैश्विक बाजारों में भारतीय उत्पादों की एक श्रृंखला को पूरी क्षमता के साथ पेश करने के उद्देश्य से निर्यात के क्षेत्र में कारोबार शुरू किया है।




मिश्रा ने कहा, हमारा प्रयास वैश्विक उपभोक्ताओं के लिए भारत के उत्पादों को खरीदने के लिए सबसे बड़ा प्रवेश द्वार बनाने का है। हमारे पास आपूर्तिकर्ताओं का एक सुस्थापित नेटवर्क है और हम सभी जगह हमारी टीम को तैनात कर रहे हैं।

वैश्विक बाजारों में भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए पेटीएम मॉल कई प्रमुख साझेदारों जैसे मवारिद डिस्ट्रीब्यूशन, मेयर फूड्स, वेदिका ऑर्गेनिक्स, सिगे इम्पेक्स, फाइव रिवर फूडस्टफ इत्यादि के साथ जुड़ा है। इसने दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व, कनाडा, अमेरिका और अफ्रीका में भारतीय उत्पादों के लिए बाजार का विस्तार किया है, जिससे भारतीय विक्रेताओं के लिए व्यापार के अवसरों और विकास में वृद्धि हुई है।

कंपनी अपने मौजूदा मर्चेंट पार्टनर्स को नए क्षेत्र में अपने उत्पादों की पेशकश करने के लिए भी तैयार कर रही है। परिचालन के पहले दो वर्षों में 500 करोड़ रुपये के जीएमवी के लक्ष्य के साथ पेटीएम मॉल इन केंद्रों में एक टीम का गठन कर रहा है, ताकि अधिक अवसरों का लाभ उठाया जा सके और अधिक कुशल तरीके से हर जगह पर व्यापार किया जा सके।

पेटीएम ईकॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व में पेटीएम मॉल अपने अद्वितीय ऑफलाइन-टू-ऑनलाइन (ओ टू ओ) मॉडल के साथ भारत में ई-कॉमर्स व्यापार बेहतरीन तरीके से कर रहा है।

## सेंसेक्स 100 अंक फिसला, लाल निशान के साथ निफ्टी में कारोबार

**मुंबई (आरएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को आरंभिक सत्र के दौरान कमजोर कारोबारी रुझान के बीच सेंसेक्स 100 अंक फिसला और निफ्टी में भी लाल निशान के साथ कारोबार चल रहा था। सुबह 9.32 बजे सेंसेक्स पिछले सत्र से 39.45 अंकों की कमजोरी के साथ 41,283.55 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी बीते सत्र से महज 3.35 अंक नीचे 12,122.55 पर बना हुआ था। उधर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है और डॉलर के मुकाबले देसी करेंसी रुपये में भी कमजोरी आई है।

## पीसीबी ने उमर अकमल को किया सस्पेंड



**नईदिल्ली।** पाकिस्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज उमर अकमल की मुश्किलें खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। वह कभी ट्रेनर के साथ बदतमीजी करने तो कभी सोशल मीडिया पर अपनी खराब अंग्रेजी की वजह से सुर्खियों में रह रहे हैं।

वीरवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उमर अकमल को पीसीबी एंटी करप्शन कोड के अनुच्छेद 4.7.1 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस निलंबन के बाद अब उमर अकमल पीसीबी की भ्रष्टाचार-रोधी इकाई द्वारा की जा रही जांच को लंबित रखने वाली किसी भी क्रिकेट से संबंधित गतिविधि में भाग नहीं ले पाएंगे। हालांकि पीसीबी ने इस मामले में जांच चलने तक अधिक टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। बता दें कि आज से पीएसएल की शुरुआत पाकिस्तान में हो रही है और यहां अकमल ने अपना पहला मैच खेलना था। वहीं पाकिस्तानी टी-20 लीग पाकिस्तान सुपर लीग की टीम चेटा ग्लैडिएटर्स को अकमल के बदले नया खिलाड़ी ढूंढने के लिए कह दिया है। अकमल पाकिस्तान की तरफ से अब तक 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और इस दौरान उन्होंने पाच हजार से अधिक रन बनाए।

## रुपया शुरुआती कारोबार में 26 पैसे गिरा

**मुबइ (आरएनएस)।** घरेलू शयर बाजारो का नरम शुरुआत तथा कच्चा तेल की कीमतें बढ़ने से बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 26 पैसे गिरकर 71.80 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया।कारोबारियों ने बताया कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने तथा कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर धारणा नरम बनी रही।कोरोना वायरस के संक्रमण से चीन में मरने वालों की संख्या 2,118 पर पहुंच गयी है।मंगलवार को रुपया 71.54 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। बुधवार को छत्रपति शिवाजी जयंती को लेकर अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में कोई कारोबार नहीं हुआ था।इस बीच ब्रेंट क्रूड का वायदा 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 59.18 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था।शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 190.66 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की।

# लीबिया से आपूर्ति बाधित होने से कच्चे तेल में तेजी जारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** लीबिया से कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने के चलते तेल की कीमतों में तेजी का सिलसिला गुरुवार को जारी रहा। बीते 10 फरवरी के बाद से कच्चे तेल के दाम में तेजी का रूख बना हुआ है और इन दस दिनों में बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का भाव करीब छह डॉलर प्रति बैरल बढ़ गया है। ब्रेंट क्रूड का दाम 10 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार इंटरकांटिनेंटली एक्सचेंज पर जहां 53.27 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ था।



वहां गुरुवार को ब्रेंट क्रूड में 59.71 डॉलर प्रति बैरल को छूने के बाद 59.26 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था। उधर, पेट्रोल और डीजल के दाम में बीते दो दिनों से स्थिरता बनी हुई है, लेकिन कच्चे तेल में तेजी आने के बाद अब पेट्रोल और डीजल के दाम में उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल पाएगी। एंजेल ब्रोकिंग के डिप्टी वाइस प्रेसीडेंट (एनर्जी एवं करेंसी रिसर्च) अनुज गुप्ता ने बताया, पहले तेल उत्पादक देशों का संगठन ओपेक और रूस द्वारा तेल के उत्पादन में अतिरिक्त कटौती करने का संकेत दिए जाने से तेल के दाम में तेजी आई, जिसे लीबिया में तनाव के कारण आपूर्ति बाधित होने से सपोर्ट मिला है।

# न्यूजीलैंड अपने घर में प्रबल दावेदार : रहाणे



**वेलिंग्टन।** भारतीय टेस्ट टीम के उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे का मानना है कि न्यूजीलैंड शुक्रवार से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज में जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी, क्योंकि वह अपने घर में खेल रही है। दोनों टीमों के बीच सीरीज का पहला टेस्ट मैच बेसिन रिजर्व मैदान पर खेला जाएगा। मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को रहाणे ने कहा, मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड अपने घर में खेल रही है तो वह जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। लेकिन साथ ही मुझे यह भी लगता है कि भारत भी जीतने की दावेदार है क्योंकि उन्हें पता है कि यहां गेंदबाजी कैसे करनी हैं और बल्लेबाजों को पता है कि क्या शॉट्स खेलने हैं। उन्होंने कहा, एक इकाई के तौर पर हमें सीखने और जल्द से जल्द स्थितियों के साथ सामंजस्य बैठाने की जरूरत है क्योंकि न्यूजीलैंड के मैदानों में कोण बने हुए हैं। रहाणे के मुताबिक भारत को पहली पारी में कम से कम 320 रन करने की जरूरत है ताकि वो अपने गेंदबाजों को मौका दे सकें। उन्होंने कहा, जब आप पहले बल्लेबाजी करते हो तो आपकी मानसिकता हमेशा से सकारात्मक होती है। मैं ऐसा नहीं कह रहा है।

## ईपीएल : मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम को दी मात



**मैनचेस्टर।** यूईएफए द्वारा लगाए गए दो साल के बैन का मैनचस्टर सिटी पर किसी तरह का असर नहीं दिखा और टीम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के मैच में वेस्ट हैम युनाइटेड को 2-0 से हरा दिया। समाचार एजेंसी एफे के मुताबिक, बुधवार रात खेले गए मैच में मैनचेस्टर सिटी ने हर तरह के आंकड़ों पर अपनी पकड़ बनाए रखी। यह मैच पहले नौ फरवरी को खेला जाना था, लेकिन खराब मौसम के कारण स्थगित कर दिया गया। पेप गुआर्डियोला की टीम ने 78 प्रतिशत बॉल पजेशन अपने पास रखा। उसने कुल 20 प्रयास किए और सात शॉट्स टारगेट पर भी रहे। वहीं मेहमान टीम ने सिर्फ तीन प्रयास किए और उसका एक भी प्रयास टारगेट पर नहीं रह पाया।

## आज का राशिफल

*मेषः* कार्यक्षेत्र में परिवर्तन और बदलाव आने से आप कभी भी घबराते नहीं हैं।

*वृषभः* आप हमेशा ही दूसरों के भरोसे बैठकर अपने लिए भी कुछ प्राप्त कर लेने की इच्छा रखते हैं।

*मिथुनः* आपके काम में आज कुछ लोग अड़ंगा डाल सकते हैं या यह भी हो सकता है कि किसी अटकलबाजी के कारण आप अपने लक्ष्य से पीछे हट जाएं।

*कर्कः* समाजसेवा एक ऐसा क्षेत्र है जहां आपकी राशि को दिन दूनी और रात चौगुनी उन्नति मिलती है। यदि आप किसी ठोस संगठन से जुड़े हैं तो बहुत अच्छी बात है।

*सिंहः* आपके प्रयास अब रंग ला रहे हैं। आज के दिन आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

*कन्याः* अपने मित्रों और प्रियजनों की खातिर आप कुछ ज्यादा ही चिन्तित हो जाते हैं।

*तुलाः* आपको अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा ही दूसरों के भरोसे नहीं रहना चाहिए।

*वृश्चिकः* आज कुछ भावनात्मक और दिल से जुड़े हुए प्रसंग सामने आएंगे। आपकी करुणा और उदारता कहीं कहीं पर आपके लिए ही भारी पड़ जाती है।

*धनुः* काफी समय के बाद आज कुछ अच्छी खबर आपको मिलेगी। कोई जरूरी काम बन जाने से लाभदायक अवसरों की प्राप्ति होगी।

*मकरः* आज आप कई प्रकार की उलझनों में फंसे रहेंगे। एक ओर अपने प्रेमी या प्रियजन के लिए कोई वस्तु या उपहार खरीदने की जल्दबाजी रहेगी।

*कुंभः* अपनी मंजिल पर पहुंचकर भी आप अपने आपको बहुत पीछे महसूस करते हैं।

*मीनः* काफी अर्से से आप किसी सन्त महात्मा या दार्शनिक विचारों पर बहुत अच्छी तरह गौर कर रहे हैं।

# रणवीर सिंह बनेंगे अली अब्बास जफर के मिस्टर इंडिया 2

बॉलिवुड में जब भी आइकॉनिक फिल्मों की बात चलेगी जो लोगों के दिमाग पर आज तक छाई हुई हैं तो उनमें शेखर कपूर की फिल्म मिस्टर इंडिया जरूर शामिल होगी। अमरीश पुरी ने इस फिल्म में मोगेंबो का जो किरदार निभाया था उसे आज भी लोग याद करते हैं। वैसे पिछले काफी समय से इस फिल्म के सीक्वल की चर्चा चल रही है लेकिन कुछ कन्फर्म नहीं हुआ है। अब एक और खबर सामने आ रही है कि मिस्टर इंडिया 2 में रणवीर सिंह लीड रोल में दिख सकते हैं।



एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस समय बॉलिवुड में कई दिलचस्प फिल्में कर रहे रणवीर सिंह मिस्टर इंडिया 2 में दिखाई देंगे और इसका डायरेक्शन टाइगर जिंदा है जैसी फिल्में बना चुके अली अब्बास जफर डायरेक्ट करेंगे। खबरों की मानें तो इस फिल्म को जल्द ही शुरू किया जाएगा और 2020 के त्योहारी सीजन यानी दिवाली के आसपास रिलीज कर दिया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक एक सूत्र ने बताया कि अली अब्बास जफर के लिए यह एक ड्रीम प्रोजेक्ट है और वह इस पर चुपचाप कुछ समय से काम कर रहे हैं। इसमें मिस्टर इंडिया की कहानी को ही आगे बढ़ाया जाएगा और उसे आज के जमाने के हिसाब से बनाया जाएगा। इस फिल्म को ऐसा बनाया जाएगा कि आपने अभी तक ऐसी कोई फिल्म नहीं देखी होगी और यह बॉलिवुड की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होगी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अली अब्बास जफर पहले ही इस फिल्म के लिए रणवीर से बात कर चुके हैं और रणवीर भी इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। खबर तो यह भी है कि फिल्म में विलन मुगैंबो के रोल के लिए शाहरुख खान से भी बातचीत की गई है।

# तेजस की पायलट बनीं कंगना, धांसू है पहला लुक

कंगना रनौत की फिल्म तेजस का सभी लोगों को बेसब्री से इंतजार है। रॉनी स्क्रूवाला की इस फिल्म में कंगना एयरफोर्स पायलट के रूप में नजर आएंगी।

अब इस फिल्म को लेकर कंगना का फर्स्ट लुक जारी किया गया। तेजस के ठीक बगल में एयरफोर्स पायलट के रूप में कंगना के इस नए अवतार को देखते ही सलाम का दिल करता है। फर्स्ट लुक से कंगना बाजी मार गई हैं। यही वजह है कि यह तस्वीर शेयर होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। बता दें कि हाल में आई फिल्म पंगा में कंगना ने कबड्डी प्लेयर की भूमिका निभाई थी। इस किरदार को भी काफी पसंद किया गया। अब जमीन से उन्होंने आसमां की छलांग लगाई है। सीधे एयरफोर्स पायलट। फिल्म का पहला पोस्टर ऐसा है कि आपकी निगाहें कंगना हटेंगी नहीं। कंगना आपका दिल चुरा लेंगी। आप सलाम करेंगे, ना सिर्फ कंगना को बल्कि उन सभी लड़कियों को जो इस देशहित में यह ड्यूटी निभा रही हैं। इस फिल्म को लेकर कंगना भी काफी उत्साहित हैं। पिछले दिनों उन्होंने कहा था, मैं हमेशा से सैनिक का रोल निभाना चाहती थी, बचपन से ही एयरफोर्स की तरफ आकर्षित थी।



# ऐसे लें काजू कुकीज के साथ चाय की चुस्किया



### सामग्री

- काजू का पेस्ट - 100 ग्राम
- देसी घी - आधा कप
- खांड ( चीनी की जगह ) - डेढ़ कप
- चीया सीड्स - 20 ग्राम
- दही - प्लेन 3 टेबल्पून
- बेकिंग सोडा - 1/2 टीस्पून
- बेकिंग पाउडर - 1 टीस्पून
- वनीला एसेंस - 1 टीस्पून
- ओट्स - डेढ़ कप
- ऑरगेनिक आटा - 2 कप

### विधि

एक बाउल लें, उसमें आटे को छोड़कर सारी सामग्री मिला लें। - अब धीरे-धीरे करके आटा डालें, और एक सॉफ्ट आटा गूंथ लें। आटा गूंथने के बाद 1 घंटे के लिए इसे फ्रिज में सेट होने के लिए रख दें। इस सब के दौरान माइक्रोवेव को 160 डिग्री पर प्रीहीट कर लें।

आटे को फ्रिज से निकालें और इसके छोटे-छोटे बॉलस तैयार कर लें। बॉल्स को फ्लैट शेप दें, और बेकिंग ट्रे पर बटर पेपर लगाकर तैयार कुकीज को अलग अलग रख दें। कुकीज को मक्खन के साथ ग्रीस करना न भूलें। 10 मिनट का टाइमर ऑफ होने के बाद कुकीज को बाहर निकालकर ठंडा होने दें। कुकीज को एयर टाइट कंटेनर में स्टोर करें और 1 महीने तक इन फ्रेश कुकीज का आनंद लें।


## शब्द सामर्थ्य- 40

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 39 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | ट्टू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |

## सू-दोकू- 40

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.39 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |